





नवभारत 07
भोपाल, मंगलवार 16 सितंबर, 2025


# परियोजना की प्रगति संतोषजनक नहीं

## एक बगिया मां के नाम के तहत सागर, शाहगढ़, खुरई, मालथौन एवं जैसीनगर में मटेरियल एक्सपेंडिचर शून्य

नवभारत न्यूज

**सागर 15 सितंबर. कलेक्टर संदीप जी.आर ने समय सीमा बैठक में एक बगिया मां के नाम परियोजना की प्रगति की जनपद पंचायतवार समीक्षा की. जिले में परियोजना की प्रगति की स्थिति संतोषजनक नहीं पाए जाने पर कलेक्टर ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की.**



उन्होंने एक बगिया मां के नाम परियोजना में लक्ष्य के विरुद्ध प्रगति न लाने वाले अधिकारियों पर सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं. उन्होंने जनपद पंचायत सागर, शाहगढ़, खुरई, मालथौन एवं जैसीनगर के जनपद सीईओ जिनका मटेरियल एक्सपेंडिचर शून्य है, की एक-एक वेतन वृद्धि रोकने के भी निर्देश दिए हैं. कलेक्टर ने कहा कि परियोजना में प्रगति न लाने वाले अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी. उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे परियोजना को गति देने और निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए आवश्यक कदम उठाएं. उन्होंने अधिकारियों से कहा कि इस अभियान को सफल बनाने के लिए हम सभी को पूरी गंभीरता के साथ सक्रियरूप से कार्य करना है और आप सभी से अपेक्षा की जाती है कि आप सभी अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन पूरी तत्परता से करें. इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ विवेक केवी, पुलिस अधीक्षक विकास शाहवाल, संयुक्त कलेक्टर सहित समस्त एसडीएम एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे.

> कलेक्टर ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा महात्मा गांधी नरेगा अंतर्गत प्रदेश में एक बगिया मां के नाम परियोजना शुरू की गई है. इसके परियोजना के अंतर्गत स्व-सहायता समूह की महिलाओं की निजी भूमि पर फलोद्यान की बगिया लगाई जाएगी. फलोद्यान की बगिया लगाने को लेकर समूह की महिलाओं ने विशेष उत्साह भी दिखाया है. एक बगिया मां के नाम सरकार की पहल है जिसका उद्देश्य महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है. इस योजना के तहत एकड़ तक बागवानी प्रोजेक्ट के लिए हितग्राहियों को पौधे, खाद, गड्ढे खोदने के साथ ही पौधों की सुरक्षा के लिए कटीले तार की फेंसिंग और सिंचाई के लिए जल कुंड बनाने के लिए राशि प्रदान की जाएगी.

## रक्तसेवा हेल्पलाइन से 41 मरीजों को मिला रक्त

**सागर.** पूर्व गृहमंत्री एवं खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह द्वारा कार्यालय में संचालित रक्त सेवा हेल्पलाइन सेंटर के माध्यम से सितंबर माह के पहले पखवाड़े में 41 गरीब जरूरतमंद मरीजों को नि:शुल्क रक्त उपलब्ध कराया गया है. इन 41 जरूरत मंदो में से 40 मरीज जिले के सभी विकासखंडों से हैं जबकि 1 मरीज उप्र के सीमावर्ती जिले ललितपुर का भी है. श्री सिंह की पहल पर जिले के बीपीएल कार्ड धारक गरीब जरूरतमंदों को नि:शुल्क रक्त उपलब्ध कराने के लिए हेल्पलाइन सेंटर आरंभ किया गया था. इस नि:शुल्क सेवा के माध्यम से मरीजों को शीघ्रता से रक्त उपलब्ध कराने की हर संभव कोशिश की जाती है. पूर्व गृहमंत्री, खुरई विधायक श्री सिंह का कहना है कि यह हेल्पलाइन सेंटर चौबीस घंटे चालू रहेगा.

# सरपंच हत्याकांड की जांच करने पहुंची टीम

## प्रदेश कांग्रेस द्वारा गठित तीन सदस्यीय जांच दल में शामिल विधायक और पूर्व विधायक पहुंचे बीना

नवभारत न्यूज

**बीना 15 सितंबर. देवल सरपंच हत्या की जांच के लिए प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने तीन सदस्यीय जांच दल बनाया. जांच दल में सेवड़ा के पूर्व विधायक घनश्याम सिंह, विधायक देवेंद्र पटेल, गुना के पूर्व लोकसभा प्रत्याशी यादवेंद्र सिंह यादव शामिल है.**



जांच दल के साथ कांग्रेस ग्रामीण जिला अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह मोहासा, पूर्व मंत्री प्रभुसिंह ठाकुर, ब्लॉक अध्यक्ष इंदर यादव शामिल थे. जानकारी के अनुसार जांच दल के सदस्य देवल गांव पहुंचे हत्या के कारण और इसके पीछे की साजिश की जांच करने के लिए सभी में अलग-अलग परिवार के सदस्यों से चर्चा की. मृतक के भाई ने खुलकर लगाए आरोप मृतक के भाई प्रमोद ने बताया ग्राम देवल में आधुनिक गौशाला का निर्माण होना था जिसका प्रस्ताव बनाकर शासन को भेज दिया उसके बाद दोनों भाई प्रस्ताव को वापस लेने का दबाव बनाने लगे क्योंकि वह 75 एकड़ जमीन पर कब्जा करे हुए हैं, इसी कारण से वह परिवार से बुराई रखें हुए थे. इसके अलावा गौशाला निर्माण का पूरा कार्य में हमें चाहिए,अगर हमें काम नहीं मिला तो हम हत्या करने से नहीं चूकेंगे. जब वह बीना से मोटरसाइकिल से आ रहे थे तो रास्ते में उन्होंने फोरव्हीलर गाड़ी से कुचल दिया था. शासन से मांग है दोषियों के विरुद्ध सख्त से सख्त कार्रवाई हो. यह बात समस्त ग्राम वासियों के बीच रखी. जांच समिति ने कमरे में बैठकर परिवार के सदस्यों से विस्तृत चर्चा की.

> अब देखना यह है कि कांग्रेस द्वारा बनाई गई जांच समिति किस तरह की रिपोर्ट मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी को सौंपेगी और उसके पश्चात इस मामले को लेकर आगे क्या निर्णय लेती है ?

### एक नजर में



## कथा में कृष्ण विवाह व सुदामा चरित्र का वर्णन

**गौरझामर.** सर्रा पड़रई में चल रही संगीतमय श्रीमद्भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह के अंतिम दिन कृष्ण विवाह एवं सुदामा चरित्र का वर्णन किया गया. कथा वाचक पंडित रामस्वरूप शास्त्री केवलारी वालों ने बताया गया कि किस तरह से भगवान श्री कृष्ण ने सुदामा से गुरुकुल में हुई अपनी मित्रता को युवा अवस्था तक में निभाया. इस अवसर पर पूर्व विधायक रतन सिंह सिलारपुर, मिहरबान सिलारपुर, मोती गौंड़ जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि, राजेश सिंह, पुष्पेंद्र सिंह, कपिल खैराना, उमेश कुमार दीक्षित, कृष्णगोपाल दुबे, अमोल सिंह, देवेंद्र सिंह, कथा के यजमान संतोष सिंह लोधी मौजूद थे.



## उमंग है तो जिंदगी में रंग पर चित्रकला

**सागर.** शासकीय एकीकृत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पुरानी सदर में उमंग दिवस ,उमंग है तो जिंदगी में रंग है इस थीम के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया. छात्र- छात्राओं द्वारा मैं और मेरा समाज, कार्यो में भागीदारी अवसरों की समानता गतिविधियों पर रोल प्ले एवं चित्रकला को प्रदर्शित किया गया. मुख्य अतिथि पूर्व प्राचार्य अनिल मिश्रा रहे. प्राचार्य डॉ. कल्पना शर्मा के द्वारा विभिन्न गतिविधियों को सराहा गया. हेल्थ एंड वैलनेस जिला नोडल अधिकारी आरके जैन द्वारा उमंग एंथम और कार्यक्रम की रूपरेखा को बताया. सभी छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया .कार्यक्रम में महेश प्रसाद दुबे , शिवानी गौतम, डॉ रानू सोनी उपस्थित रहीं.



## रहली की साक्षी पटैरिया हुईं पुरस्कृत

**रहली.** इंदौर में 12वें नेशन बिल्डर अवार्ड्स का भव्य आयोजन हुआ. जिसमें रहली की साक्षी पटेरिया पिता मिथलेश पटेरिया को बुंदेलखंड की लोकगायिका और बुंदेली कला को आगे बढ़ाने के लिए सम्मानित किया गया. पुरस्कार के रूप में प्रशस्ति पत्र, ट्रॉफी, और सम्मान राशि प्रदान की गई. इस दौरान फिल्म अभिनेत्री और पूर्व सांसद जया प्रदा, कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, राजेंद्र शुक्ला मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए थे.



## शिक्षक पुरस्कार प्राप्त शिक्षक को किया सम्मानित

**सागर.** कलेक्टर संदीप जी.आर ने टीएल बैठक के दौरान अनुसूचित जाति-जनजाति कार्य विभाग द्वारा संचालित शासकीय ज्ञानोदय आवासीय विद्यालय तिली में पदस्थ उच्च माध्यमिक शिक्षक महेन्द्र सिंह लोधी को राज्य स्तरीय शिक्षक पुरस्कार प्राप्त होने पर सम्मानित किया. इस दौरान एसपी विकास कुमार शाहवाल, सहायक आयुक्त सुधीर श्रीवास्तव मौजूद रहे.

## डॉ. सचान प्रदेश महासचिव नियुक्त

**राहतगढ़.** मानव अधिकार एवं सामाजिक न्याय आयोग के राष्ट्रीय अध्यक्ष रविंद्र सिंह तोमर की सहमति से प्रदेश अध्यक्ष कमलेश राय ने डा. शैलेंद्र सचान को मानव अधिकार एवं सामाजिक न्याय आयोग का प्रदेश महासचिव नियुक्त किया है. नियुक्त पर पूर्व जनपद अध्यक्ष गुलाबसिंह राजपूत, विनोद ओसवाल, राहुल तिवारी, प्रवीण गोस्वामी, आशीष पटेल, बबलू बरखेड़ा, हेमराज सरपंच बटयावदा, विजय भैंसा, मनोज सरपंच, बृजेश गुमारिया, रामबाबू बमोरी, कपिल कुर्मी, रामसिंह, कमल पटेल आदि ने हर्ष जताया.

# नो एब्यूज डे पर जागरुकता रैली

नवभारत न्यूज

**सागर 15 सितंबर. वैचारिक स्वच्छता अभियान के तहत सातवें नो एब्यूज डे पर जन जागृति रैली का आयोजन 17 सितंबर को सायंकाल 5 बजे से किया जा रहा है. जिसमें विभिन्न संगठनों की महिलाओं की भागेदारी रहेगी.**

संस्थापक डॉ. वंदना गुप्ता ने पत्रकारों से चर्चा के दौरान बताया कि अभियान का शुभारंभ 2018 में किया गया. 17 सितंबर 2019 को नो एब्यूज डे मनाना शुरु किया गया. जिसके तहत स्कूलों कॉलेजों शासकीय अर्द्ध शासकीय संस्थाओं सहित सार्वजनिक स्थलों पर आमजन को संकल्प दिलाने की दिशा में काम किया गया. जिसके तहत ही टोकना रोकना व संकल्प दिलाना है. डॉ. गुप्ता का मानना है कि एक-दूसरे के प्रति गालियों के प्रयोग रुकने से अपराध कम हो सकते हैं. रैली गौर मूर्ति से राधा तिराहा से तीनबत्ती वापिस आयेगी.

पत्रकारवार्ता के दौरान कंचन केसरवानी, प्रीति केसरवानी, नंदिन चौधरी, डॉ नम्रता फुसकेले, सविता साहू, जागृति केसरवानी, आशा अड़तिया आदि उपस्थित रहीं.

# विकासखंड स्तरीय दो दिवसीय कार्यशाला संपन्न

नवभारत न्यूज

**राहतगढ़ 15 सितंबर. जनपद पंचायत सभागृह में दो दिवसीय आदि कर्म योगी अभियान के अंतर्गत जनजातीय विकास एवं परिवर्तन के लिए व्यक्ति और संस्थानों को सशक्त बनाने हेतु ब्लॉक स्तरीय प्रोसेसिंग लैब के माध्यम से कार्यशाला का आयोजन जनजातीय कार्य विभाग द्वारा किया जा रहा है.**

कार्यशाला की शुरूआत एसडीएम अशोक सेन एवं सीईओ एसके प्रजापति ने की. जिला एवं ब्लॉक स्तरीय प्रशिक्षक प्राचार्य बबीता सोनी, जमनाप्रसाद चौधरी, कमलेश नामदेव, जया



सैनी, रेखा शर्मा ने ब्लॉक के सभी विभागीय अधिकारी व कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया गया. प्रशिक्षण के पहले दिन प्रशिक्षकों को आदि जाति कर्म योगी अभियान से संबंधित जानकारी दी एवं योजना को सफल बनाने एवं जीविकोपार्जन हेतु प्रोत्साहित किया गया.

इस दौरान सीबीएमओ विकेश फुसकेले, आशीष भालेकर, दिनेश कुमार भार्गव, अर्चना विश्वकर्मा, दीपक रैकवार, भगवानदास अहिरवार, महाराज यादव, नंदकिशोर पटेल, रूपेश दीवान आदि मौजूद थे.

## मासूम को थार ने कुचला

**सागर.** सानौधा थाना अंतर्गत परसोरिया में मामा के घर आए एक मासूम की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई. पुलिस ने आरोपी वाहन चालक के विरुद्ध मामला दर्ज कर विवेचना में ले लिया है. पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार नरसिंहपुर निवासी अमर लोधी का पुत्र आयुष लोधी उम्र ढाई वर्ष परिजनों के साथ परसोरिया मामा के घर आया था. कल देर शाम घर से बिस्किट लेने सड़क पर दुकान जा रहा था कि तेज रफ्तार थार गाड़ी के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए मासूम को टक्कर मार दी जिसकी उपचार के दौरान मौत हो गई.

# आंगनबाड़ी के नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए

नवभारत न्यूज

**सागर 15 सितंबर. पूर्व गृहमंत्री, पूर्व सांसद, खुरई विधायक भूपेंद्र सिंह ने नवनियुक्त कार्यकर्ता व सहायिकों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए.**

विधिवत विभागीय चयन प्रक्रिया में चयनित 1 आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व 13 सहायिकाओं को रिक्त स्थानों पर नियुक्ति मिली है. इनमें मालथौन के अटा कर्नेलगढ़ आंगनबाड़ी केंद्र में रुचि राय को नियुक्ति पत्र मिला है. सहायिकाओं में अटाटीला आंगनबाड़ी केंद्र में गीता अहिरवार, मड़िया कीरत केंद्र में



पूनम राजपूत, बरौदिया गुसाईं में नेहा खंगार, चारौदा केंद्र में आराधना राजपूत, बीजरी 01 केंद्र में रंजनाबाई अहिरवार, नोठा केंद्र में रचना लोधी, ढिमरई में शिवानी बुंदेला, पाली सुजान में पूजा यादव, बिधाई में रोशनी ठाकुर, पतराज में रक्षा दांगी, खिरिया गौंड़ में प्रीति राजपूत, कुरमान में राधिका अहिरवार तथा लच्छासर आंगनबाड़ी केंद्र में कृष्णा देवी, सुपरवाइजर श्रीमती शशि चौबे, रश्मि शर्मा, गीता अहिरवार, किरन भार्गव को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए. इस अवसर पर महिला बाल विकास विभाग की मालथौन परियोजना अधिकारी श्रीमती संयोगिता राजपूत उपस्थित रहीं.

## कुंभ संस्कृति एग्जिबिशन 19- 20 को होगा

**सागर.** वोकल फोर लोकल को सपोर्ट करने के लिए संस्कृति एग्जिबिशन का आयोजन 19-20 सितंबर को मकरोनिया से किया जा रहा है. संयोजक शालिनी समैया व सुष्मिता ठाकुर ने बताया ऑनलाइन शॉपिंग से शहर के व्यापार पर बहुत असर हो रहा है. शहर के व्यापार को बढ़ावा देने के लिए महिला शक्ति के द्वारा साड़ी, सूटस,ज्वैलरी, हस्त निर्मित वस्तुएं, खाद्य वस्तुओं के 60 स्टाल लगाये जा रहे है. हार्दिक समैया ने बताया ओपन माईक के माध्यम बुजुर्ग, महिला,पुरुष, बच्चे, युवा वर्ग अपनी भावना व्यक्त कर सकते है. कविता,गाना, या कोई भी टैलेंट प्रस्तुत कर सकते है.

# भाजपा पार्षद से स्पष्टीकरण मांगा

नवभारत न्यूज

**सागर 15 सितंबर. लाजपतपुरा वार्ड के भाजपा पार्षद पर केंट थाना क्षेत्र की एक युवती द्वारा बंधक बनाए जाने के आरोप लगाए जाने के बाद भाजपा जिला अध्यक्ष ने स्पष्टीकरण मांग लिया है.**

मालूम हो कि लाजपतपुरा वार्ड के भाजपा पार्षद नईम खान पर एक युवती द्वारा चार दिन तक बंधक बनाकर शोषण और मारपीट किए जाने का आरोप लगाते हुए पुलिस अधीक्षक विकास कुमार शाहवाल को लिखित में शिकायत की थी. केंट थाना क्षेत्र की युवती ने पार्षद और उनके सहयोगियों पर मारपीट का आरोप भी लगाया था जिसके बाद आज भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम तिवारी ने पार्षद को पत्र जारी कर दो दिन में स्पष्टीकरण मांगा है.

> पत्र में उल्लेख किया है कि समाचार पत्रों और न्यूज चैनलों के माध्यम से आपके ऊपर महिला उत्पीड़न के आरोप संबंधी समाचार प्रकाशित हुए हैं जिससे पार्टी की छवि धूमिल हुई है जो कि पार्टी रीति-नीति एवं आचार विचार के विरुद्ध है एवं पार्टी के अनुशासन के खिलाफ है .पत्र में दो दिवस के अंदर स्वंय उपस्थित होकर अपना स्पष्टीकरण दंवे. क्यों न आपके विरुद्ध अनुशासनहीनता की कार्रवाई की जाए.





# विद्यालय में काव्य गोष्ठी आयोजित

नवभारत न्यूज

**बंडा 15 सितंबर. हिंदी पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत शासकीय सांदीपनि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में हिन्दी भाषा के महत्व पर काव्य संगोष्ठी का आयोजन हुआ.**

कार्यक्रम समन्वयक हिन्दी विषय के शिक्षक रंजीत गौर ने अपनी स्वरचित मधुर कविताओं के माध्यम से हिन्दी भाषा के महत्व को उजागर किया. इस अवसर पर विद्यार्थियों ने भी हिन्दी भाषा पर कविताओं की प्रस्तुतियां दीं.

> इस अवसर पर प्राचार्य डॉ.वंदना तिवारी ने बताया कि पूरे बुंदेलखंड क्षेत्र की स्थानीय बोली बुंदेली भी हिन्दी भाषा का ही महत्वपूर्ण अंग है. मुख्य अतिथि श्रीमती सविता खरे ने भारतीय संविधान में राजभाषा के लिए वर्णित प्रमुख प्रावधान व अनुच्छेदों के बारे में जानकारी दी.
>
> प्रधानाध्यापक संजय सेन, निर्मला आठ्या,रशिम राय,लक्ष्मी रैकवार,रानू तिवारी,सरस्वती पटेल, इंदु कांत पटेल ने भी संगोष्ठी को संबोधित किया. संचालन अनामिका आठ्या एवं अंजली अहिरवार, आभार शिक्षक नीलेश बलाही ने माना. कार्यक्रम में देवेंद्र शर्मा, राकेश सेन,देवेंद्र हजारी, सुनील प्रजापति, अमित जैन,शेर सिंह लोधी, शिवम यादव, नीरज श्रीवास्तव, विट्ठल भाई अहिरवार,संगीत शिक्षक चंद्रकांत सेन, नृत्य शिक्षिका अंजनी श्रीवास्तव, शरद पटेरिया आदि मौजूद रहे.

## मेले की तैयारियों को लेकर बैठक आज

**रहली.** शारदीय नवरात्रि के मेला व्यवस्था को लेकर प्रशासन जनप्रतिनिधियों के बीच सुझाव और निर्णय के लिए बैठक का आयोजन 16 सितंबर को शाम 4 बजे एसडीएम कार्यालय में किया गया है. अध्यक्षता एसडीएम कुलदीप पाराशर स्वयं करेंगे. जानकारी के अनुसार शारदीय नवरात्रि वर्ष 2025 में हरसिद्धि माता मंदिर रानगिर मे श्रद्धालुओं के आगमन हेतु व्यवस्थाओं के संबंध में बैठक आयोजित की गई है. बैठक में एसडीओपी अनुविभागीय अधिकारी (कृषि विभाग अनुविभागीय अधिकारी (लो.नि.वि.) अनु.विभागीय अधिकारी (वन विभाग) झं अनुविभागीय अधिकारी (जल सं.वि.)अनुविभागीय अधिकारी पी.एच.ई. तहसीलदार, जपं सीओ सीएमओ, परियोजना अधिकारी आदि शामिल होंगे.

# संगीत संध्या : सुरों और सम्मान से सजी शाम

नवभारत न्यूज

**सागर 15 सितंबर. पद्माकर सभागार मोतीनगर में गीतकार एवं राजनेता स्व. विट्ठलभाई पटेल की स्मृति में आयोजित संगीत संध्या एवं सम्मान समारोह का आयोजन हुआ. यह आयोजन स्व. पटेल सांस्कृतिक प्रतिष्ठान इंदौर एवं सागर के तत्वावधान में हुआ.**

गायक सांईराम अय्यर ने जब झूठ बोले कौआ काटे, काले कौए से डरियो गीत गायक और गायिका—दोनों आवाजों में प्रस्तुत किया. गायिका ईषिता विश्वकर्मा ने आपकी नजरों ने समझा, सलाम-ए-इश्क जैसे गीतों से श्रोताओं का दिल जीत लिया. गायक अनिल श्रीवास्तव ने स्व. विट्ठलभाई की रचना वो कहते हैं हमसे अभी उमर नहीं है प्यार की पेश की.





गायक इकबाल खान ने मोहम्मद रफी के नगमे गाकर समां बांध दिया. कोरस में सागर के कलाकारों ने संगत कर प्रस्तुतियां दीं. समारोह के मुख्य अतिथि खाद्य मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने स्व. विट्ठलभाई को श्रद्धांजलि देते हुए उन्हें अपना गुरु बताया. विशिष्ट अतिथि पूर्व मंत्री पं. गोपाल भार्गव ने कहा कि 1985 से उनके और श्री पटेल के रिश्ते राजनीति से आगे बढ़कर गहरी मित्रता में बदल गए थे. समारोह में विभिन्न क्षेत्रों में योगदान देने वाली हस्तियों को शॉल और स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया. इस अवसर पर स्व. विट्ठलभाई पटेल की पोत्री धारणा पटेल द्वारा लिखित पुस्तक का विमोचन पूर्व मंत्री श्री भार्गव ने किया. कार्यक्रम संयोजक ललित अग्रवाल, वंदना अग्रवाल, पदमा सुधीर मालवीय एवं टीम सम्मान किया गया. संचालन आशीष दुबे भोपाल ने किया. समारोह में पूर्व सांसद लक्ष्मीनारायण यादव, विधायक शैलेन्द्र जैन, पूर्व मंत्री सुरेंद्र चौधरी, पूर्व विधायक सुनील जैन, कांग्रेस अध्यक्ष द्वय भूपेंद्र मुहासा, महेश जाटव मौजूद थे.

**शराब मुक्त** — अब तक शराब मुक्त हुए 16 गांव, मुखबिरों को किया जाएगा पुरस्कृत

# गांव-गांव में नशामुक्ति को लेकर जागरुकता रैली निकाली जा रही

नवभारत न्यूज

**बांदरी 15 सितंबर. भगवती मानव कल्याण संगठन द्वारा गांव-गांव में नशामुक्ति के क्षेत्र में लोगों को जागरूक करने निकाली जा रहीं रैलियों में महिलाएं भी शामिल हो रहीं.**

इसी का परिणाम है कि अब तक सोलह गांव के लोगों ने शराब बंदी के लिखित प्रतिवेदन व सहमति पत्र संगठन को सौंपे हैं. जिससे संगठन ने नशामुक्ति के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले



समाजसेवियों, स्वैच्छिक संगठनों व मुखबिरों को प्रोत्साहित करने पुरस्कार देने का निर्णय लिया है. ब्लाक अध्यक्ष सूरज सिंह ने बताया कि पुरस्कार राशि शराब पीने व बेंचने वालों से जुर्माने में वसूली गई राशि से दी जाएगी. बैठक में बताया कि पुलिस विभाग के मुखबिरों के की तरह, शराब पीने व बेंचने वालों के बारे में मुखबिर संगठन को सूचना दे सकते हैं. सूचना देने वालों को पुरस्कृत किया जाएगा. शराब मुक्त गांव का मतलब है, जहां एक भी शख्स शराब नहीं पीता होगा. यहां न तो शराब बनाई जाएगी और न ही बेंची जाएगी.

> चाली राजा ने बताया कि शराब बंदी के लिए संगठन की ओर से निरंतर प्रयास किए जाने से अब तक सोलह गांव जिनमें बोबई, चुरारी,सागौनी, बंगेला, रजौआ, खड़ौआ, तिगराबुजुर्ग, गढ़ौली, हडुआ, आगासिर्स रेडोनमालगुजारी, रजवांस, करैयामाफी, बीजरी, जामूकेशर और पालीरैयतवारी शामिल हैं के लोगों ने शराब बंदी का फैसला लिया है. मुकेश विश्वकर्मा ने बताया कि किसी भी गांव को नशा मुक्त घोषित करने के लिए उस गांव के मुखिया द्वारा लिखित प्रतिवेदन समर्पित करना होगा कि संबंधित गांव में मदिरापान करने वालों की संख्या शून्य है. बैठक में संगठन के पदाधिकारियों के अलावा ग्रामीणजन उपस्थित रहे.

## ब्लैक स्पॉट करें चिन्हित

**सागर.** कलेक्टर संदीप जी.आर ने समस्त एसडीएम को निर्देश दिए हैं कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में सड़क दुर्घटनाओं से संबंधित ब्लैक स्पॉट को चिह्नित करें. उन्होंने कहा कि ब्लैक स्पॉट की पहचान कर उनकी जानकारी तत्काल जिला प्रशासन को उपलब्ध कराई जाए, ताकि आवश्यक सुधारात्मक कार्यवाही समय पर की जा सके. कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम प्रशासन की प्राथमिकता है. ब्लैक स्पॉट पर सड़क सुधार, संकेतक, रिफ्लेक्टर, स्पीड ब्रेकर एवं यातायात व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएंगी, जिससे दुर्घटनाओं पर नियंत्रण पाया जा सके.